प्रेस नोट- थाना सेहरामऊ दक्षिणी

जनपद शाहजहांपुर

साईबर क्राईम सैल/हेल्प डेस्क

प्रेस नोट- सराहनीय कार्य - 12.04.2025

साईबर धोखाधड़ी कर ठगी धनराशि 1,32,000/-रूपये में से 1,06726/- रूपये साईबर टीम द्वारा कराये गये वापस

दिनाँक 24.02.2025 को श्री विक्रम पुत्र राजू निवासी मिर्गापुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी द्वारा हेल्पलाइन 1930 पर काल कर शिकायत संख्या 33102250024078 दर्ज कर थाना आकर सूचना दी कि उसके साथ व्यापार का प्रलोभन देकर 1,32,000/- रूपये की साईबर धोखाधड़ी कर ली गयी है। इस पर थाना सेहरामऊ दक्षिणी साईबर क्राईम टीम/हेल्प डेस्क द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना साईबर क्राइम शाहजहाँपुर से समन्वय स्थापित कर विधिक कार्यवाही कर धनराशी को फ्रीज कराया गया।

साइबर अपराध की इस घटना को पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय द्वारा गम्भीरता से लिया गया तथा श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी अपराध के पर्यवेक्षण, प्रभारी थाना साइबर क्राइम व थानाध्यक्ष सेहरामऊ दक्षिणी के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम की इस घटना से सम्बन्धित धनराशि को रिकवर कराने के सम्बन्ध थानाध्यक्ष को कडे दिशा निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में थाना सेहरामऊ दक्षिणी पर नियुक्त साईबर क्राइम सैल/हैल्प डेस्क द्वारा साईबर थाना शाहजहाँपुर से समन्वय स्थापित करते हुये विक्रम पुत्र राजू निवासी मिर्गापुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी जो कि झाड़ू व्यापारी है जिन्हे व्यापार का प्रलोभन देकर 1,32,000/- रूपये की साईबर धोखाधड़ी की गयी थी जिनके द्वारा हेल्पलाइन 1930 पर काल कर शिकायत संख्या 33102250024078 दर्ज कर थाना आकर सूचना देने पर थाना सेहरामऊ दक्षिणी साईबर क्राईम टीम/हेल्प डेस्क द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना साईबर क्राइम शाहजहाँपुर से समन्वय स्थापित कर विधिक कार्यवाही कर धनराशी को फ्रीज कराया गया तथा मा0 न्यायालय के माध्यम से शिकायतकर्ता की ठगी गयी धनराशी में से 1,06,726 रूपये वापस कराये गये, शेष धनराशी की वापस हेतु कार्यवाही प्रचलित है।

शिकायतकर्ता द्वारा थाना उपस्थित आकर अपने साथ धोखाधडी के सम्बन्ध में बताते हुये अपनी धनराशी प्राप्त होने पर थाना साईबर क्राईम शाहजहाँपुर व साईबर क्राइम टीम थाना सेहरामऊ दक्षिणी का आभार प्रकट करते हुये आम जनता से अपील की कि आपके साथ यदि साईबर अपराध होता है तो आप तुरन्त 1930 पर शिकायत दर्ज करे व अपने नजदीकी थाने पर सम्पर्क करें

पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 उमेश कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष सेहरामऊ दक्षिणी

2.कम्प्यूटर आपरेटर- विकास कुमार